# 500 ग्राम चरस के साथ आरोपित दबोचा

श्रावस्ती : गिलौला थाने की पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दमावा बस स्टैंड से गिलौला कस्बा निवासी आसिफ को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 500 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# कच्ची शराब के साथ दो दबोचे

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान थाना क्षेत्र के भेला गांव निवासी केशव राम व रामचंद्र के रूप में हुई है। इनके कब्जे से पुलिस ने दस दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। -संवाद

## शांतिभंग में 33 गिरफ्तार में

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शनिवार रात अभियान चलाकर 33 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। बाद में उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। -संवाद

## वारंटी गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने रविवार खुशामद पुरवा निवासी लक्ष्मण सिंह को वारंट के मामले में गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई है। -संवाद